# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जून, 2011 (अंक 209) | June 2011 (Issue 209)





श्री ऋत्विक पान्डे, उप सचिव, वित्त मंत्रालय, श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, मि. क्रिस डी. नूज, प्रबन्ध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान व्यवस्थापन समिती, और मि. जोस एटोनियो, अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान बाली (इंडोनेशिया) मे आयोजित विश्व बचत बैंक संस्थान के निदेशको की 18 वी बैठक में भाग लेते हुए।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान बाली (इंडोनेशिया) में विश्व बचत बैंक संस्थान के सामान्य बैठक एवं निदेशक मंडल की बैठक में सम्मिलित

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, और ऋत्विक पाण्डे, उप सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने हाल ही मे बाली, इंडोनेशिया मे आयोजित 18 वी विश्व बचत बैंक संस्थान की आमसभा तथा निदेशक मंडल की 18 वी बैठक मे भाग लिया । उपरोक्त बैठक मे विश्व के 34 देशो ने भाग लिया जैसे ब्राजिल, चिली अल सलवाडोर, फ्रान्स, जर्मनी, हिन्दुस्तान, इंडोनेशिया, इरान, टर्की, इटली, केनिया, मलेशिया, मोरक्को, निदरलैंड, स्पैन, तंजानिया, थाईलेंड और विश्व बचत बैंक संस्थान के मुख्यालय ब्रुसेल्स का समावेश था । मि. जोस एन्टोनीया ओलोवेरिएता, अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान, ने आम सभा में भाग लेने आये प्रतिनिधियों का स्वागत किया और इस आम सभा के दौरान विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई जैसे कि (1) बेस ||| रेगुलेशन (2) प्रत्येक के लिए खाता खोलना (3) बिल एंड मिलीन्डा गेटस फाऊन्डेशन द्वारा खातो को दूगना करने के लिए चलाए गये अभियान से अनुभव लेना । श्री अनिल भट्टाचार्य, ने वर्तमान राष्ट्रीय वित्तिय बाजार, विशेषकर राष्ट्रीय बचत संस्थान से संदर्भित रिपोर्ट को प्रस्तुत किया ।

श्री अनिल भट्टाचार्य ने वित्त मंत्रालय, भारत सरकार कि ओर से डब्लू. एस. बी. आई के निदेशक मंडल की बैठक मे भी भाग लिया इस अवसर पर उन्होने डब्लू. एस. बी. आय के सदस्य देशो से कहाँ कि वे राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा बचत एकत्रीकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा विकसित विशेज्ञता का लाभ ले सकते है । मि. क्रिस डि. नूज, प्रबन्ध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान ने प्रस्ताव रखा कि नवम्बर 2011 मे भारत में अन्तर क्षेत्रीय सम्मेलन होना चाहिए जिसमे एशिया, यूरोपियन, आफ्रीकन और दक्षिण आफ्रीकन देशो के प्रतिनिधि भाग लेंगे ।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, श्री सी. एम. बचावत, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, से राज्य मे वर्ष 2011-12 के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिये अपनाई जाने वाली नीतियों पर चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे हैं ।

## निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पश्चिम बंगाल राज्य मे अल्प बचत संग्रहण के प्रगति की समीक्षा किया

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने जून 2011 में पश्चिम बंगाल राज्य का दौरा किया । दौरे के दौरान वे श्री सी. एम. बच्चावत, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव (वित्त), पश्चिम बंगाल सरकार से मिले और पश्चिम बंगाल राज्य के अल्प बचत संग्रहण के प्रगतिकी समीक्षा की। उन्होने राज्य के लिए वर्ष 2011-12 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करते हेतु बचत संग्रह के लिऐ अपनाई जानी वाली नीतियों पर चर्चा की ।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्रामीण क्षेत्रो में पहुँच की जरूरत एवं निवेशको के आधार को बढाने पर बल दिया जिससे की अल्पबचत की बाजारीय भागीदारी मे वृद्धि हो सके । उन्होने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि ग्रामीण दूर-दराज क्षेत्रों मे और अधिक नए अभिकर्ताओं की नियुक्ति की जाए जिससे कि बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें । उन्होने आगे कहा कि राष्ट्रीय बचत संस्थान राज्यों के अल्प बचत अभिकर्ताओ और वितरण एजेन्सी जैसे डाक विभाग एवं बैंक के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता है जिससे कि वे अधिकतम बचत जमा कर सकें और राष्ट्रीय बचत संस्थान के ग्राहको को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करा सके । श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान इस अवसर पर उपस्थित थे ।




श्री बी. राजू बाबू, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैंगलोर 24 जून 2011 को श्रुती आडोटोरीयम, केन्द्रीय सदन बैंगलोर मे आयोजित कर्नाटक राज्यस्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए ।




श्री टी. आर. थॉमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपूर ने राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा 11 जुलाई 2011 को प्रभावी समन्वय द्वारा बचत संसाधनो के एकत्रीकरण विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए । साथ ही श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने प्रभावी समन्वय द्वारा बचत संसाधनो के एकत्रीकरण के लिये नीतियाँ बनाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने संपूर्ण देश के क्षेत्रीय निदेशको के लिए प्रभावी समन्वय द्वारा संसाधनो के एकत्रीकरण के लिए नीतियाँ बनाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रभावी समन्वय का उपयोग करते हुए वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य रू. 2,48,000 करोड़ (सकल) को कैसे प्राप्त किया जा सके इसपर नीति तैयार करना था । कार्यशाला का उद्घाटन श्री टी. आर. थॉमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने किया । श्री थॉमस ने उनके संबोधन मे कहा कि ग्राहको को राशि जमा करते समय अल्प बचत योजनाओं के संबंध में व उनकी विशेषतोओ के संबंध में आवश्यक जानकारी देना चाहिए जिससे कि निवेशकों की संख्यामें बढोत्तरी हो सके । उन्होने यह भी कहा कि राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों ने जमाकर्ता के साथ मानवीय दृष्टिकोण रखना चाहिए एवं समय समय पर उनकी मदद करनी चाहिए तथा विशेषकर निचले स्तर पर जमाकर्ता को मदत करनी चाहिए । राष्ट्रीय बचत संस्थान ने राशि जमा करवाने वाली संस्थाओं को सहयोग करना चाहिए जिससे कि परिपक्व राशि प्राप्त करने में निवेशको को असुविधा न हो ।

श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने कहा कि प्रभावी समन्वय का राष्ट्रीय बचत संस्थान मे महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि किसी भी स्तरपर यदि समन्वय ठीक नही है तो संप्रेषण ठीक नही होगा । प्रभावी समन्वय विभिन्न एजेन्सियो के बीच टीम वर्क के रूप मे होता है जैसे कि डाकघर, बैंक और राज्य सरकारे और अन्य अभिकर्ता संघ इत्यादि । यह राष्ट्रीय बचत संस्थान का भरसक प्रयास होता है कि उत्पाद विक्री माध्यमो के पास विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति सुचारू रूप से हो ।




श्री राजेश कुमार, आई ए. एस. सहायक आयुक्त, क्षेत्रीय केन्द्र, चंडीगढ़ द्वारा 16 जून 2011 को सोलन हिमाचल प्रदेश मे अभिकर्ता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का उद्घाटन करते हुए । श्री राजीव सागर क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ भी दिखाई दे रहे है ।

# फरवरी 2011 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | फरवरी 2010 तक | | फरवरी 2011 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 15961.34 | 2283.37 | 18736.85 | 18736 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 160.06 | 55.67 | 182.54 | 57.90 |
| 3 | असम | 2794.59 | 279.54 | 3358.72 | 1007.19 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 44.57 | 18.30 | 62.80 | 30.30 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफिसेस | 533.92 | 119.45 | 454.56 | 57.37 |
| 6 | बिहार | 8708.25 | 2075.97 | 10098.29 | 1968.44 |
| 7 | झारखंड | 4172.12 | 1187.58 | 4989.11 | 1255.06 |
| 8 | चंडीगढ | 802.25 | 173.40 | 876.84 | 19.41 |
| 9 | दमण एवं दीव | 636.77 | 151.65 | 717.43 | 136.01 |
| 10 | दिल्ली | 9062.00 | 1807.30 | 10909.34 | 2639.89 |
| 11 | गोवा | 703.15 | 165.11 | 791.40 | 164.55 |
| 12 | गुजरात | 19385.71 | 3780.34 | 19366.06 | 1760.95 |
| 13 | हरियाणा | 6181.89 | 1107.48 | 6644.59 | 834.88 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 3164.24 | 546.77 | 3852.68 | 768.93 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 1784.91 | 240.18 | 2001.55 | 282.87 |
| 16 | कर्नाटक | 8750.03 | 894.61 | 10029.43 | 1013.42 |
| 17 | केरल | 6302.67 | -188.77 | 7481.25 | 198.94 |
| 18 | लक्षद्वीप | 3.30 | 0.35 | 3.02 | 0.76 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 6741.51 | 963.10 | 8154.60 | 1282.25 |
| 20 | छत्तीसगढ | 2488.99 | 300.18 | 3200.14 | 418.10 |
| 21 | महाराष्ट्र | 20949.18 | 3063.98 | 23662.13 | 3967.34 |
| 22 | मणिपुर | 113.71 | -11.17 | 114.08 | -6.32 |
| 23 | मेघालय | 247.99 | 58.49 | 312.81 | 81.89 |
| 24 | मिझोरम | 114.17 | 17.00 | 157.96 | 30.83 |
| 25 | नागालैंड | 49.85 | 7.62 | 63.02 | 17.06 |
| 26 | उड़ीसा | 4071.36 | 1011.40 | 4858.02 | 1127.79 |
| 27 | पुदुचेरी | 207.96 | 44.02 | 196.26 | 13.55 |
| 28 | पंजाब | 10455.22 | 1731.56 | 11442.54 | 560.10 |
| 29 | राजस्थान | 12337.71 | 931.39 | 11641.81 | -16.10 |
| 30 | सिक्कीम | 91.99 | 4.52 | 140.61 | 35.70 |
| 31 | तमिलनाडू | 12282.64 | 2016.94 | 13633.36 | 799.13 |
| 32 | त्रिपूरा | 702.96 | 133.23 | 829.39 | 172.38 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 21771.72 | 4976.90 | 23687.46 | 3988.22 |
| 34 | उत्तरांचल | 3401.41 | 845.13 | 3887.62 | 852.69 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 30388.04 | 8985.38 | 33444.47 | 8409.45 |
| | कुल | 215568.18 | 37915.20 | 239982.74 | 35824.02 |

टिप्पणी.—डाक विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.